पंजाब केसरी
SUN,17 AUGUST 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 3

# वी.सी. ने स्वाधीनता दिवस पर छात्राओं से करवाए 3 संकल्प



*महिला विश्वविद्यालय में मार्च पास्ट की सलामी स्वीकार करते हुए प्रो. सुदेश।* (अरोड़ा)

गोहाना, 16 अगस्त (अरोड़ा): स्वाधीनता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारे आत्मसम्मान, हमारी पहचान, और हमारी सामूहिक स्मृतियों का जीवंत प्रतीक है।

ये शब्द कहे बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश ने। प्रो. सुदेश ने महिला विश्वविद्यालय के प्रांगण में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। वी.सी. ने छात्राओं से 3 संकल्प लेने का आग्रह किया।

पहला-ज्ञान का संकल्प, हम जीवन भर सीखते रहेंगे। दूसरा-सदाचार का संकल्प, हम अपने आचरण से देश की गरिमा बढ़ाएंगे और तीसरा-सेवा का संकल्प, हम अपने समय, कौशल और संसाधनों का कुछ हिस्सा राष्ट्र सेवा के लिए देंगे।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. हवा सिंह के साथ प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. इप्शिता बंसल, प्रो. शालिनी अत्री, डॉ. सुमन दलाल, डॉ. संदीप दहिया, डॉ. अनिल बल्हारा, राजेश नरवाल आदि मौजूद रहे।



देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।

# कुलपति प्रो. सुदेश ने विश्वविद्यालय के प्रांगण में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर बतौर मुख्यातिथि फहराया तिरंगा

गोहाना, 16 अगस्त (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने विश्वविद्यालय के प्रांगण में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा फहराया देश के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कुलपति ने कहा कि 15 अगस्त 1947 का वह ऐतिहासिक क्षण, जब हमारे देश ने पराधीनता की बेड़ियां तोड़ी, केवल राजनैतिक आजादी का संकेत नहीं था, बल्कि वह हमारे सपनों और संभावनाओं के द्वार खोलने वाला क्षण था। हमारे स्वतंत्रता संग्राम की कहानी केवल संघर्ष की कहानी नहीं है, बल्कि यह त्याग, बलिदान और अटूट विश्वास की कहानी है। हमारे देश की वीरांगनाओं ने भी देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। इस अवसर पर छात्राओं ने देश भक्ति के गीतों से कार्यक्रम में समा बांध दी। इस अवसर पर महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, कुरुक्षेत्र विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. हवा सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. इप्शिता बंसल, चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्रि, खेल निदेशक डॉ. सुमन दलाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, निदेशक जन संपर्क लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा, सहायक कुलसचिव राजेश नरवाल समेत सभी विभागों के विभाध्यक्ष व सैंकड़ों की संख्या में छात्राएं भी मौजूद रहे।

# उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

## विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिया देशभक्ति का संदेश



भास्कर न्यूज | गोहाना

उपमंडल के शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों ने स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों से लेकर प्रबुद्धजीवियों ने शहीदों को नमन किया। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया।

जींद रोड स्थित ओम पब्लिक स्कूल में पद्मश्री एवं शिक्षाविद डॉ. संतराम देशवाल ने डॉ. राजकला देशवाल, डॉ. ज्योति व प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा के साथ ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उप प्राचार्य रेखा बजाज व अन्य अध्यापक भी मौजूद रहे।

खानपुर कलां रोड स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक वरुण जाले व पंकज जाले ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर प्राचार्य प्रीति शर्मा, उप प्राचार्य जतिन आनंद आदि मौजूद रहे। बीपीएस महिला विवि में कुलपति प्रो. सुदेश ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, कुरुक्षेत्र विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. हवा सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, डॉ. सुमन दलाल, आदि मौजूद रहे।

सोनीपत रोड स्थित न्यायिक परिसर में एसडीजेएम अविनाश यादव, जेएमआईसी डॉ. ज्योति व कोमल राव ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर प्रधान संदीप पुनिया, सचिव हेमंत शर्मा समेत अन्य अधिवक्ता शामिल रहे। वहीं शेर सिंह पब्लिक स्कूल में चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने प्राचार्य कुलदीप देशवाल, पूर्व विद्यार्थी डॉ. इशिका मलिक, अंकुश सभरवाल व ऋतु देशवाल के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया।



गोहाना। देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।

## स्वतंत्रता दिवस हमारे आत्म सम्मान का प्रतीक : सुदेश

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में छात्राओं ने हरियाणवी लोक नृत्य सहित देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुत किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने ध्वजारोहण किया। प्रो. सुदेश ने कहा कि यह दिन केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं है बल्कि यह हमारे आत्मसम्मान, हमारी पहचान और हमारी सामूहिक स्मृतियों का जीवंत प्रतीक है। 15 अगस्त 1947 का वह ऐतिहासिक क्षण जब हमारे देश ने पराधीनता की बेड़ियां तोड़ीं वह केवल राजीतिक आजादी का संकेत नहीं था बल्कि वह हमारे सपनों और संभावनाओं के द्वार खोलने वाला क्षण था।

# ANTI-RAGGING DAY OBSERVED



**Sonepat:** The Department of Chemistry at Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya, Khanpur Kalan, marked Anti-Ragging Day with an awareness drive promoting a safe and respectful campus environment in line with UGC guidelines. Dr Bhupender, presiding over the event, stressed the harmful effects of ragging. Prof Sunil Sangwan urged students to reject ragging and foster positivity, while Prof Vijay Nehra called for mutual respect and support for those facing bullying. Physics Department chairperson Dr Sheela Malik also addressed the gathering. Students participated in essay writing, slogan writing and poster-making, spreading strong anti-ragging messages. The programme concluded with a pledge to maintain a ragging-free campus.

# 'HAR GHAR TIRANGA' YATRA

**Sonepat:** The NSS unit of Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya, with support from the Student Welfare Department, organised the "Har Ghar Tiranga Yatra" alongside International Youth Day celebrations.. Vice-Chancellor Prof Sudesh, the chief guest, administered the International Youth Day pledge to NSS volunteers and flagged off the rally. Addressing the students, she called the tricolour a symbol of the nation's pride, dignity and honour, urging everyone to respect it and contribute actively to India's progress.